>

Title: Regarding nomination of a nodal officer for Ayushman Bharat Yojana.

श्री विजय कुमार (गया): महोदय, हाल ही में समाचार पत्रों में खबर आई कि जिनके पास आयुष्मान भारत कार्ड है, उन्हें भी इलाज नहीं मिल पा रहा है । देश के नामी गिरामी सरकारी अस्पतालों में उनका इलाज करने तथा उन्हें समुचित जानकारी देने की व्यवस्था के अभाव में उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है । सरकार ने आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से गरीबों के कल्याण के लिए तथा गंभीर रोगों के इलाज के लिए उन्हें समुचित सुविधा उपलब्ध कराने का प्रभावी कदम उठाया है । इस योजना से लोगों को लाभ भी मिला, लेकिन जानकारी के अभाव में अभी भी लोग इस कार्ड के समुचित लाभ से वंचित हैं ।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करें, जिससे इसके लाभार्थी आपात परिस्थिति में सम्पर्क करके उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें । इस योजना से एससी, एसटी वर्ग के छूटे हुए व्यक्तियों को जोड़ा जाए । मैं आपसे आग्रह करता हूं, चूंकि गया संसदीय क्षेत्र के लोग दलित और शोषित समाज से आते हैं । आपने जीरो ऑवर में मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद ।